to free movement of wheat and the policy of purchase only under support operations.

**सतना जिले (मध्य प्रदेश) में सोन नदी पर एक बड़े बांध का निर्माण**

2502. **श्री सुखवेंद्र सिंह** : क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में सतना जिले में सोन नदी पर एक बड़ा बांध बनाने की योजना जिसके अन्तर्गत राज्य के कई जिलों को सिंचाई सुविधायें दी जानी थी, कुछ कारणों से स्थगित कर दी गई हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या इस दिशा में अब तक कोई कार्य हुआ है तथा उस पर कितना व्यय किया गया है;

(ग) क्या अन्य राज्यों को भी सिंचाई के लिए जल उपलब्ध करने के बारे में कोई समझौता हुआ है; और

(घ) मध्य प्रदेश को सिंचाई के लिए कितना जल उपलब्ध किया जाएगा तथा इस सम्बन्ध में मध्य प्रदेश कितना व्यय वहन करेगा ?

**कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला)** : (क) से (घ) : मध्य प्रदेश सरकार ने अपने सिधी, सतना और रीवा जिलों में 2.49 लाख हैक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई करने के लिये वाणसागर में सोन नदी के ऊपर एक बांध के निर्माण का प्रस्ताव किया है ।

सितम्बर, 1973 में मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके अनुसार वाणसागर पर जल-संचय तथा बांध एवं अनुषंगक कार्यों की लागत को 2:1:1 के अनुपात में बांटने पर सहमति हुई थी । वाणसागर जलाशय में 4 मिलियन एकड़ फुट पानी का संचय होने पर मध्य प्रदेश द्वारा समुपयोजित किए जाने वाले पानी की मात्रा 2 मिलियन एकड़ फुट होगी । मध्य प्रदेश द्वारा बांध की जितनी लागत वहन की जाएगी वह इन निर्माण कार्यों की कुल लागत की आधी अर्थात् 27.82 करोड़ रुपये होगी ।

अब मध्य प्रदेश सरकार ने वाणसागर स्थल के अनुप्रवाह में 150 किलोमीटर की दूरी पर एक बांध के निर्माण का सुझाव दिया है जिसके जल को बिहार और उत्तर प्रदेश द्वारा समुपयोजित किये जाने का प्रस्ताव है ताकि मध्य प्रदेश वाणसागर में सारे जल-संचय का समुपयोजन सिंचाई और विद्युत उत्पादन के लिए कर सके । मध्य प्रदेश के प्रस्ताव की तीनों राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ परामर्श करते हुए जांच की जा रही है ।

मध्य प्रदेश सरकार ने मार्च, 1977 तक प्रारम्भिक कार्यों पर 3.2 करोड़ रुपये खर्च किए हैं ।

**Merger of State Cooperative Banks with State Agricultural Development Banks**

2504. SHRI P. RAJAGOPAL NAIDU: Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state:

(a) whether the Government propose to merge State Cooperative Banks and State Agricultural Development Banks; and

(b) if so, when and reasons therefor?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): (a) and (b). A Committee appointed by the Reserve Bank of India under the Chairmanship of Dr. R. K. Hazari has recommended the integration of the